तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

11 फिंगेश्वर के वनांचल में दो दंतैल हाथियों की दस्तक...

12 जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिए जिला ...









मानसून : लगातार बारिश से सीकासार जलाशय में पानी की आवक बढ़ी, किसानों के चेहरे खिले

# जिले में बारिश का कहर, पैरी उफान पर, धमतरी-गरियाबंद मार्ग हुआ बंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

मानसून की दस्तक के साथ ही गरियाबंद जिले में बारिश का सिलसिला तेज हो गया है। गुरुवार को वनांचल और शुक्रवार को मैदानी इलाकों में हुई झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। लगातार हो रही बारिश से सीकासार जलाशय में भी पानी की आवक बढ़ गई है। इस मानसून सीजन में पहली बार पैरी नदी में बाढ़ का विकराल नजारा देखने को मिला है। पैरी नदी में आई बाढ़ ने कोपरा से डूमरपाली एनीकेट मार्ग को पूरी तरह से डुबो दिया है। बाढ़ का पानी सड़क पर चढ़ जाने के कारण गरियाबंद और धमतरी जिलों के बीच का संपर्क मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। हर साल इस मौसम में इस मार्ग पर



पानी भर जाने से हजारों लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, दूसरी ओर, इस तेज बारिश से खरीफ सीजन की धान की फसल को संजीवनी मिल गई है। खेतों में पानी भरने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल बारिश का यह दौर जारी रहेगा।

## कुलाप जलप्रपात की खूबसूरती निखरी पर पर्यटकों को अभी करना होगा इंतजार



**मैनपुर।** मानसून की शुरुआत के साथ ही गरियाबंद जिले के पहाड़ी इलाकों में स्थित जलप्रपातों की खूबसूरती और भी बढ़ गई है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींच रही है। सिकासार जलाशय में गिरने वाला कुलाप जलप्रपात प्रकृति का अनुपम सौंदर्य प्रस्तुत कर रहा है। यहाँ दूर-दूर तक फैली ऊंची-नीची घाटियाँ, घने जंगल, पहाड़ियाँ, फूलों से ढके रास्ते और ठंडी हवाएँ पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। मैनपुर से लगभग 30-35 किलोमीटर दूर बीहड़ जंगल और पहाड़ी के ऊपर से गिर रहे कुलाप जलप्रपात तक पहुँचना आसान नहीं है। यह क्षेत्र सुनसान और हाथी प्रभावित है, जहां तेंदुए, भालू, लकड़बग्घा और अन्य हिंसक वन्यप्राणी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। बारिश के मौसम में जंगल और भी घने हो जाते हैं, जिससे वन्यजीवों के हमले का खतरा बढ़ जाता है। जलप्रपात तक पहुंचने का दूसरा रास्ता नाव के सहारे सिकासार जलाशय को पार करके है। हालांकि, पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने फिलहाल इन स्थानों पर जाने पर रोक लगा रखी है।

# बोलेरो चालक पर 6,100 का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर गरियाबंद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, 23 जुलाई को यातायात पुलिस ने एक बोलेरो वाहन चालक के खिलाफ सख्त एक्शन लिया। जानकारी के अनुसार, वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 0992 (सफेद बोलेरो) में अनाधिकृत रूप से हूटर और लाइट का उपयोग किया जा रहा था। वाहन चालक की पहचान टिकेश्वर पराना (21 वर्ष), निवासी ग्राम बारूला, थाना फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद के रूप में हुई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था और उसने सीट बेल्ट भी नहीं लगाया था। वाहन के अन्य आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। इन गंभीर उल्लंघनों के मद्देनजर, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं, जिनमें 119(3), 108, 3/181, 194(बी), 130(3)/177, 119/177 शामिल हैं, के तहत कुल 6,100 का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त, वाहन से हूटर और सर्च लाइट को गवाहों की मौजूदगी में हटाकर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। बिना अनुमति के वाहन में सायरन, हूटर या लाल, पीली, नीली, सफेद, या बहुरंगी लाइट का इस्तेमाल न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

## खबर संक्षेप

### 25 लीटर शराब जब्त,1 गिरफ्तार



**गरियाबंद।** नया सवेरा अभियान के तहत जिले में अवैध शराब और गांजा तस्करी पर कार्रवाई तेज है। इसी क्रम में 23 जुलाई को थाना सिटीकोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया और 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चिखली निवासी धरमसिंग सोरी अपने दर्राखांचा स्थित खेत के पास लारी में अवैध बिक्री के लिए शराब संग्रहित किए है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। तलाशी में 15 लीटर और 10 लीटर की प्लास्टिक जरकीन में भरी कुल 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2500 है। पुलिस ने शराब को गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर आरोपी धरमसिंग सोरी (35 वर्ष), निवासी ग्राम चिखली (हाथबाय), जिला गरियाबंद को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

# नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

धमनी गांव के पुखराज साहू एवं अन्य लोगो से नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लाख रूपए की ठगी कर लिए जाने की खबर सामने आई है। 24 जुलाई को आवेदक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद टीआई अमृत लाल साहू ने ठगी करने के दो आरोपी को दबोचकर गिरफ्तार कर लिया है। टीआई श्री साहू ने बताया कि वर्ष 2021 में पुखराज साहू की मुलाकात पांडुका-पोड़ निवासी ओंकार चौरे उर्फ राजा से हुई। इस मुलाकात में उन्होने अपने झांसे में लेते हुए पुखराज से कहा कि महासमुंद राजस्व विभाग में चपरासी और लिपिक पद के लिए भर्ती ले रहे है। वहां एक व्यक्ति योगेश ठाकुर है जो कई लोगों का नौकरी लगवाया है। फिर राजा चौरे इनकी मुलाकात योगेश ठाकुर से करा दिया। मुलाकात में योगेश ठाकुर और ओंकार उर्फराजा चौरे ने नौकरी लगवाने के नाम पर झांसे में लेकर कुल 12 लाख रुपए का ठगी कर लिए। टीआई श्री साहू ने बताया कि धारा 420,294,506,34 कायम कर विवेचना में लिया गया और दोनो आरोपियों



को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। पुछताछ करने पर आरोपियो ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वर्ष 2021 व 2022 के दौरान आवेदकों से नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के नियत से नगद, बैंक ट्रांजेक्शन, एवं फोन-पे के माध्यम से कुल 12 लाख रुपए का धोखाधड़ी करना स्वीकार किये। दोनो आरोपी के कब्जे से बैंक पास बुक, दो नग मोबाइल फोन, आधार कार्ड जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियो को जेल भेज दिया गया।

# कत्लखाना ले जा रहे 10 मवेशियों बरामद, दो गिरफ्तार

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखंड के अंतर्गत अमलीपदर पुलिस ने 10 मवेशियों को कत्लखाना ले जाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई को अमलीपदर थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कुछ मवेशियों को क्रूरतापूर्वक पीटते, हाँकते हुए कत्लखाना ले जाने की नियत से ग्राम धुरवापथरा, केऊबुरला की ओर ले जा रहा है। मुखबिर की सूचना की पुष्टि के लिए थाने से स्टाफ भेजकर जाँच कराई गई। जाँच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा 04 गाय और 06 बछड़े, कुल 10 मवेशियों को बिना चारे-पानी के क्रूरतापूर्वक तस्करी ⏭ शेष पेज 10 पर

# शिक्षक पर आदिवासी छात्राओं से मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

**गरियाबंद।** जिले के एक कन्या आश्रम में पदस्थ शिक्षिका शिवानी मिश्रा पर 13 आदिवासी छात्राओं के साथ मारपीट का गंभीर आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, शिक्षिका ने छात्राओं को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। इस घटना से आश्रम में दहशत का माहौल है, वहीं छात्राओं के पालक और आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश है। बताया जा रहा है कि जिन छात्राओं के साथ मारपीट की गई, वे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र मानी जाने वाली कमार जनजाति से ताल्लुक



रखती हैं। घटना के बाद आज जिले के सामाजिक पदाधिकारी गरियाबंद कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जिला ⏭ शेष पेज 10 पर

# आप पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आम आदमी पार्टी (आप) जिला गरियाबंद का कार्यकर्ता सम्मेलन जुलाई में शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन मेमन पेट्रोल पंप के पीछे, ठेठवार यादव समाज भवन, छुरा में होगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन सिंह और श्रवण यादव, प्रदेश संयुक्त सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, लोकसभा उपाध्यक्ष सेवा राम साहू, जिलाध्यक्ष चमन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ हरीश कुमार पटेल, जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज मिश्रा और



विशेष साथी रुपसिंग मरकाम प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, जिला स्तर के पदाधिकारी जैसे जिला सचिव पुष्पक लाल जगत, संतोष सोनवानी, **जिला उपाध्यक्ष आत्मा राम ठाकुर, जिला महासचिव जय लाल पाथर, जिला संगठन मंत्री दूरवास नेताम, जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण सिंह ध्रुवा, जिला ⏭ शेष पेज 10 पर

27 जुलाई को जिले के 24 परीक्षा केन्द्रों में 5748 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- 11 बजे से 1.15 बजे तक होगी परीक्षा
- नकल रोकने परीक्षा केन्द्रों में लगेंगे जैमर
- कलेक्टर ने भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए अधिकारियों की ली बैठक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इन केन्द्रों में 5748 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर



1.15 बजे तक आयोजित की जायेगी। इसी संबंध में कलेक्टर श्री बी.एस उइके ने परीक्षा की सभी तैयारियों को पूर्ण करने एवं सभी व्यवस्थाएं पुख्ता करने के लिए नोडल एवं उड़नदस्ता दल में शामिल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने ⏭ शेष पेज 10 पर

## केन्द्रों में पुलिस कर्मियों की भी रहेगी ड्यूटी

महिला अभ्यर्थियों को कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों में पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जा रही है। परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र एवं स्वयं के मूल पहचान पत्र के साथ परीक्षा केन्द्रों में जाना होगा। किसी भी प्रकार के संचार सामग्री एवं अनुचित साधनों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी सुश्री नेहा भेड़िया, डीएसपी सुश्री गरीमा दादर, तहसीलदारगण सहित परीक्षा कार्य में शामिल ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### भटककर गांव में पहुंचा हिरण



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 11 कि.मी. दूर ग्राम धवलपुर में कल जंगल से भटक कर एक हिरण गांव के भीतर घुस गया जिसे देखने भीड़ लग गई। इसकी जानकारी वन विभाग को देने के बाद विभाग के लोगों ने जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया।

### सब्जी बनने में हुई देरी तो बेटे ने पिता पर किया लाठी से प्रहार

**भंवरपुर।** भोजन मांग रहे बेटे को सब्जी बनने में देरी नागवार गुजरी और आक्रोश में उसने अपने पिता पर ही लाठी से हमला कर दिया। जिले के बसना थानांतर्गत भंवरपुर चौकी में प्रार्थी पुक सिंह सिदार द्वारा गुरुवार को लिखाई गई रिपोर्ट में बताया है कि उसका अपने बेटे दिनेश सिदार (22 वर्ष) से भोजन को लेकर विवाद हो गया। पुक सिंह ने पुलिस को बताया कि बताया कि बेटा भोजन मांग रहा था, लेकिन सब्जी बनने में समय लग रहा था। इसी बात पर दोनों के बीच बहस बढ़ गई। आरोप है कि उसके गाली-गलौज करते हुए उसके पुत्र दिनेश सिदार ने लाठी-डंडों से अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी भंवरपुर ने प्रार्थी की लिखित शिकायत पर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना का प्रत्यक्षदर्शी बड़कू देवांगन है। पुक सिंह सिदार का कहना है कि वह घायल हैं और अभी भी भयभीत हैं कि उनका बेटा दोबारा हमला कर सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सैकड़ों भक्तों ने लिया सुंदरकांड पाठ का आनंद

**रायपुर।** शुक्ला परिवार ने अपने निवास में गुरुवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजकर्ता आशीषा शुक्ला ने हनुमानजी के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि इसी आस्था के चलते वे नियमित रूप से ऐसे आयोजन करते हैं। यह कार्यक्रम सामुदायिक सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम बना। कार्यक्रम में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा, राम शर्मा, नवीन शर्मा, हरीश शुक्ला, संगीता व्यास, राजेश तिवारी आदि शामिल हुए।

### मानिकलाल को मिली निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर

**रायपुर।** हरेली अमावस्या के अवसर पर चरामेति फाउंडेशन द्वारा जीई रोड स्थित जीत टॉवर में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कबीरधाम के ग्राम बिनौरी निवासी मानिकलाल चतुर्वेदी को निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान की। साथ ही अभनपुर के ग्राम बकतरा निवासी पिंटूराम साहू को चरामेति विकलांग सेवा सम्मान से सम्मानित भी किया गया। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्णभक्त जोशी, हरीश भाई कोटक, बीके नंदा, संतोष तनवानी, रमेश राव, रिंकू पारवानी, राकेश कुमार शर्मा, मनहरण लाल साहू, डीके पात्रिकर, रोशन बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

### हरेली पर्व पर छतौना में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्राम पंचायत छतौना, विकासखंड आरंग में छत्तीसगढ़ का पहली तिहार 'हरेली' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खेती उपकरण का पूजा किया इस उपरांत हरेली तिहार के अवसर मे वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमे ग्राम के सरपंच - भोजराज यदु, उपसरपंच- नयन यादव एवं पंचगण - नारद यादव, टीकम रात्रे, हीरालाल बंजारे, सुनील बारले, पंच प्रतिनिधि- युवराज साहू, संतु गायकवाड़ और मेहतरू शामिल थे।

**पौधारोपण :** विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे, हरियाली का दिया संदेश

# प्रकृति को स्वच्छ सुंदर एवं सुसज्जित बनाए रखने अधिक से अधिक पौधे लगाएं: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर की समाजसेवी संस्थान स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने नवापारा नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। स्टेला फाउंडेशन द्वारा छायादार नीम, गुलमोहर, कदम के पौधे रोप गए। हरेली अमावस्या के अवसर पर फाउंडेशन के टीम के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने पौधों के गेटअप में पौधारोपण में सहयोग किया। फाउंडेशन की प्रमुख पूजा सायरानी ने बताया कि स्टेला स्वयंसेवी संस्थान नगर एवं आसपास के गांव में सामाजिक उत्थान के कार्यों के लिए दृढ़संकल्पित है। समाज के पिछड़े एवं वंचित लोगो के लिए निरंतर प्रयास कर मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है। हरिहर छत्तीसगढ़ बनाने के लिए स्टेला फाउंडेशन नियमित रूप से पौधारोपण कर रही है। विगत कुछ महीनों में स्टेला फाउंडेशन ने अपने समाजसेवी कार्यों के बदौलत एक नई पहचान हासिल की है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हरेली अमावस्या के अवसर पर पौधारोपण किया जा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी योगिता सिन्हा ने कहा कि प्रकृति को स्वच्छ सुंदर एवं सुसज्जित बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। पौधारोपण का सबसे उपर्युक्त समय बरसात महीना होता है। सावन माह में प्रकृति का श्रृंगार हरे पेड़ पौधे लगाने के उद्देश्य से स्टेला फाउंडेशन का वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा है। वृक्षारोपण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का कार्य आगे निरंतर जारी रहेगा। पौधारोपण के अवसर पर स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य पूजा सायरानी, योगिता सिन्हा, मनीषा अथवानी, राखी असरानी, अंजली एवं राधिका असरानी, कोमल साहू, एवं बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## इंदागांव स्कूल में पुलिस ने किया पौधा रोपण, जागरूकता कार्यक्रम



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के इंदागांव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आज पुलिस द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, महिला संबंधित अपराधों और यातायात संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इंदागांव थाना प्रभारी जितेंद्र विजयवार, सीआरपीएफ के अधिकारी गोपाल, भूपेंद्र निराला, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। पौधारोपण के पश्चात, थाना प्रभारी जितेंद्र विजयवार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी छात्र को वाहन नहीं चलाना चाहिए और सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर स्टूडेंट पुलिस कोर की टीम ने छात्रों को ट्रैफिक चिन्हों, सड़क पार करने के सही तरीकों, सीट बेल्ट और हेलमेट के महत्व जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## स्काउट गाइड कडेट्स ने सैनिकों के लिए भेजा रक्षासूत्र

**रक्षाबंधन पर एक राखी देश के सैनिकों के नाम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मंशानुरूप व राज्य सचिव कैलाश सोनी के आदेशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा एवं पदेन आयुक्त कृष्ण कुमार वर्मा के निर्देश पर शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुनसुनिया में गाइडर द्वारा हस्तकला कार्यशाला लगाकर गाइड कैप्टन पूरी हरपाल, रक्षा साहू, वीणा साहू के मार्गदर्शन में गाइड दुर्गा हरपाल भूमिका साहू, इमानिय निराला, खुशबू दीवान, सुनैना दीवान, तुलसी ठाकुर, मौसमी सिन्हा, किरण ठाकुर, तानिया साहू, टिया सिंह ठाकुर, कृतिका साहू, दिक्षि तांडी, नाजनीन, प्रिया साहू, आदि गाइडों ने रक्षाबंधन पर एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम का रक्षासूत्र अपने हाथों से बनाए और रक्षासूत्र उन सैनिकों को समर्पित है, जो त्योहारों में भी घर नहीं आ पाते। उन्होंने उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ राखी भेजी। गाइड विंग द्वारा बनाई गई यह राखी जिला संगठन आयुक्त अवधेश विश्वकर्मा व लीनू चंद्राकर के माध्यम से राज्य मुख्यालय भेजी जाएगी व राज्य मुख्यालय से सेना मुख्यालय नई दिल्ली भेजी जाएगी। यह हस्तकला रखी को बनाने में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया के गाइड व बालिकाओं के योगदान सरहानीय रहा।

## भोलेनाथ के गेटअप में नन्ही कुमकुम बनीं आकर्षण का केंद्र





**छुईहा बेलर।** सावन के पवित्र महीने में भगवान भोलेनाथ के रूप में सजी एक नन्हीं बालिका कुमकुम साहू लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बच्चे को भगवान के वेश में देखना, खासकर धार्मिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में, एक मासूमियत और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, जो दर्शकों को प्रेरित और मोहित करता है। कुमकुम की माता कुसुम साहू ने उन्हें इतनी खूबसूरती से शंकर भगवान के रूप में सजाया है कि वे सबकी निगाहों को अपनी ओर खींच रही हैं। कुमकुम के नानाजी रामाधार साहू (सेंदर) ने बताया कि बच्चे निर्दोष और पवित्र माने जाते हैं, और जब वे भगवान के रूप में तैयार होते हैं, तो यह निर्दोषता और पवित्रता का एक शक्तिशाली प्रतीक बन जाता है। बच्चों में एक स्वाभाविक आकर्षण होता है, और जब वे किसी विशेष भूमिका में तैयार होते हैं, तो यह आकर्षण और भी बढ़ जाता है। कुमकुम की माता कुसुम साहू ने यह भी बताया कि कई धर्मों में बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है, और सावन के इस महीने में उन्हें भगवान भोले भंडारी के रूप में तैयार करना एक धार्मिक अनुष्ठान हो गया है।

## महिलाओं ने किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर त्रिवेणी संगम बीच स्थित भगवान श्री कुलेश्वर नाथ महादेव में जलाभिषेक का सिलसिला जारी है, बहुत दूर-दूर से कांवरियों का दल जल लेकर कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर,लोमस ऋषि आश्रम पहुंच रहे हैं,जहां विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इसी कड़ी में समर्पण ग्रुप एवं विप्र कुल के माता-बहनों ने महानदी त्रिवेणी संगम से जल लेकर प्राचीन श्रीराम मंदिर से श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक कांवर यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का बड़े उत्साह से जलाभिषेक किया और क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख समृद्धि खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर सुश्री छाया राही,सीमा शर्मा,देवकी साहू,ममता, सुनीता, अनीता, चेतना, किरण, तृप्ति, सुमन, पदमा यदु, सारिका, संध्या,सरिता, रत्ना, तारिणी, किरण, सविता, योगिता, नमिता, कृतिका, बाबीशर्मा, लता दुबे के अलावा समर्पण ग्रुप एवं विप्रकुल के अन्य लोग शामिल हुए।

## छुरा लिपिक संघ की नई कार्यकारिणी घोषित, सतीश साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



लिपिक संघ की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सशक्तिकरण और नेतृत्व के नवाचार को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में गरियाबंद जिला लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी वसंत त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारीगण एवं जिला सचिव पंकज पाटिल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वसम्मति से लिपिक संघ छुरा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सतीश साहू को संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर इन्द्रपाल सेन, तीरथ साहू एवं श्रवण सोरी, सचिव के रूप में ध्यामु चरण रखुंटे, सह सचिव अजय धृतलहरे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निधि गोरखार्य, महिला उपाध्यक्ष मंजूषा ध्रुव, कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव एवं मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी को नियुक्त किया गया।नवगठित कार्यकारिणी को जिला अध्यक्ष द्वारा बधाई दी गई और संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई।अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के पश्चात सतीश साहू ने कहा /"मैं संघ का आभारी हूं कि मुझे यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस पद की गरिमा बनाए रखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत और संगठित करने की दिशा में कार्य करूंगा।/"इस अवसर पर संरक्षक के रूप में भागवत साहू, दिनेश साहू, अरुण कुरै की उपस्थिति रही। साथ ही गरियाबंद जिले के विभिन्न विभागों के लिपिक वर्ग कर्मचारी – देवनाय दीवान, गणेश राम, रोहित कुमार, राजकुमार यादव, वीरेन्द्र ठाकुर, कोशलेश दीवान, बीजेष किशन धिमेश, शुभम साइ, बुद्धि सागर सोन, खिलू राम सोनी सहित छुरा विकासखंड के समस्त लिपिकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जोश, उत्साह और संगठनात्मक एकता की झलक साफ दिखाई दी। बैठक का समापन सामूहिक बधाइयों और संगठन के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ हुआ।

## का बात के चिंता हे, कका अभी जिंदा हे : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कृषि उपकरणों की पूजा, गेड़ी नृत्य, प्रकृति पूजा, पारंपरिक व्यंजन के साथ साथ लोक संस्कृति और हरेली का उत्सव मनाने का यह दिन मनाने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस सरकार ने किया और पहली बार मुख्यमंत्री निवास त्यौहार और खुशियां मनाने आमजन के लिए खुला। कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली जो श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है। किसानों के लिए यह खेती-बाड़ी और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है। इसी परंपरा को कायम रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में पुनः हरेली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसी दिन युवाओं द्वारा भूपेश बघेल को पेंसिल आर्ट द्वारा बनवाई गई उनकी फोटो जिसमें का बात के चिंता है कका अभी जिंदा है लिखा हुआ है। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान, वीरेंद्र शुक्ला, अभिषेक यादव, कृष्ण हरपाल, आरिफ खान, गोरे आदि मौजूद रहे।

## सशिमं में हरेली पर्व पर हुए विविध खेल प्रतियोगिता

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटेवा में 23 जुलाई को हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए कबड्डी, दौड़, रस्सी कूद, बोरा दौड़, फुगड़ी जैसे खेलो का प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें विद्यालय प्रमुख प्रधान आचार्य मायाराम ध्रुव, आचार्य तिलकचंद्र साहू, उर्वशी साहू, कौशल्या गोस्वामी, रेवती यादव, अमृता सेन, मीना चक्रधारी, ममता ध्रुव, दीपशिखा निर्मलकर, नर्मदा दीवान, गुंजा गजेंद्र उपस्थित होकर बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता रखकर बच्चो का मनोबल बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान किया।



## खाद्य आयोग अध्यक्ष शर्मा को भाजपा नेताओं ने दी बधाई



**राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में संदीप शर्मा के पदभार ग्रहण समारोह में गरियाबंद जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर ने उन्हें बुके भेंटकर बधाई दी। इस अवसर पर उनके साथ मनोज देवांगन और संतोष पटेल भी मौजूद थे।

## सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मानसून के आगमन के साथ ही जलजनित व संक्रामक रोगों की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका ने सफाई अपनाओ, बीमारियां भगाओ अभियान का शुरू किया है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देशन एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे के मार्गदर्शन पर में यह विशेष स्वच्छता अभियान 31 जुलाई तक संचालित की जाएगी। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण कार्य के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के तहत स्थानीय टाऊन हाल में नगर पालिका के सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हें मानसून की विषम परिस्थितियों में कैसे स्वस्थ एंव सुरक्षित रहे इसके बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, डॉ जीएस दीवान, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज, स्वच्छ भारत मिशन की रमा महानंद, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राना, मनीषा साहू, फार्मेसिक पवन साहू आदि उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष...

### कत्लखाना ले जा...

के उद्देश्य से ले जाते हुए पाया गया। प्रथम दृष्टया यह कृत्य छत्तीसगढ़ पशु कृषि परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पाया गया। जिसके बाद अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी पुरनो हरपाल, पिता स्व. चरण सिंह हरपाल, निवासी डुमरपीटा, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद के कब्जे से कुल 10 मवेशी, जिनकी अनुमानित कीमत 35 हजार रुपये है, जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### शिक्षक पर आदिवासी...

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने दोषी शिक्षिका के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बच्चियों में भय का माहौल है और आश्रम में डर का साया छाया हुआ है। सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### आप पार्टी कार्यकर्ता...

सोशल मीडिया गोल्डन कुमार यादव और जिला मीडिया देवेंद्र साहू भी मौजूद रहेंगे। तहसील अध्यक्षों में छुरा से नंद लाल यादव, गरियाबंद से नरेंद्र शर्मा, राजिम से भूपेंद्र राव, फिंगेश्वर एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रुद्रसेन सिन्हा, मैनपुर से, झाखरपारा से हुकूमत नायक और छुरा यूथ से दलेश्वर नागेश उपस्थित रहेंगे। अन्य महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं में तहसील सचिव तेजराम ध्रुव, बलियार सिंह नेगी, वरिष्ठ साथी जगदीश यादव (पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत रसेला), लोकेश साहू (पूर्व तहसील अध्यक्ष राजिम), चंदन सेन, ईश्वर ध्रुव, नोहर निषाद, खेमसिंह ठाकुर (पूर्व तहसील अध्यक्ष छुरा), चिंता राम रात्रे, अनिल कुमार यादव, पंकज सिन्हा, मोहन सिन्हा, सुकलाल ठाकुर, ईश्वर पटेल, कौशल साहू, अरुण ठाकुर, भारत ध्रुव, हीरा लाल सेन, दिनेश तारक शामिल हैं। महिला कार्यकर्ताओं में राम बाई दीवान (पूर्व जिलाध्यक्ष विंग), बिंदिया नेताम, आशा चौबे, भुनेश्वरी ध्रुव, देवकी सोरी, लीलेश्वरी यदु, ममता साहू, संतोषी अग्रवाल, कौशल्या चक्रधारी और अन्य कार्यकर्ता इस सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

### आबकारी आरक्षक भर्ती...

बैठक में कहा कि परीक्षा व्यापम के दिशा निर्देश अनुसार आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ संपन्न किया जाए। सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए। परीक्षा संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नकल की संभावनाओं को रोकने के लिए भी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में दो घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले मेन गेट को बंद कर दिया जाएगा। नकल की संभावनाओं को खत्म करने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड द्वारा जैमर तथा एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जा रही है। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जायेगी। नये नियम अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। फुटवियर के रूप में चप्पलों का उपयोग करना होगा।

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल बरगांव में छात्र व युको क्लब गठित

**मैनपुर।** शासकीय हाई स्कूल बरगांव में विभिन्न शालेय गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने सफल क्रियान्वयन हेतु छात्र संघ एवं युवा एवं ईको क्लब का गठन किया गया स जिसमें छात्र संघ प्रतिनिधि के रूप में शाला नायक चमन कुमार ध्रुव (दसवीं) उप शाला नायक कु. भूमिका कश्यप (दसवीं) शाला सचिव कु मनीषा कश्यप (दसवीं) क्रीड़ा सचिव अमित कुमार सिन्हा (दसवीं) शिक्षा सचिव थबिरो नागेश (दसवीं) पर्यावरण सचिव कु प्रियंका यादव (नवमी) सांस्कृतिक सचिव कु अमीषा नागेश (नवमी) स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार ध्रुव(नवमी) स्वच्छता सचिव कु हिमांजलि सिन्हा (नवमी) अनुशासन सचिव किशोर कुमार मंडावी (दसवीं) कक्षा नायक दसवीं गगन विश्वकर्मा उपकक्षा नायक दसवीं कु पिंकी सिन्हा कक्षा नायक नवमी पुष्पराज सिन्हा उपकक्षा नायक नवमी कु उर्मिला नायक का गठन किया गया स इसके साथ ही युवा एवं ईको क्लब पंचूराम यादव शिक्षक को नोडल प्रभारी बनाया गया है प्रधानमंत्री सचिन दुर्गा (दसवीं) खेल मंत्री कार्तिक कुमार नागेश (दसवीं) वित्त मंत्री उमेश कुमार नेताम (दसवीं) शिक्षा मंत्री कु सोनाक्षी सिन्हा (दसवीं) स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री कु टिकेश्वरी विश्वकर्मा (नवमी) कानून एवं रक्षा मंत्री कु प्रीति यादव (दसवीं) कृषि एवं उद्योग मंत्री कु टोपेश्वरी(नवमी) का गठन किया गया इस छात्र संघ प्रतिनिधि गठन का सभी विद्याथएँयो ने स्वागत किया एवं प्राचार्य प्रकाश कुमार देवांगन एवं हेम कैलाश यदु पंचूराम यादव ईश्वरी शर्मा आदि शिक्षकों ने बधाई दी।

### बैल ने किया हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में लगातार खुले में विचरण कर रहे मवेशी जहां एक ओर दुर्घटना के शिकार हो रहे है वहीं खुले में घुम रहे मवेशियों के कारण लोग भी दुर्घटना के शिकार हो रहे है। एक बैल ने ग्रामीण पर जबरदस्त हमला कर दिया जिससे ग्रामीण के गुप्तांक पर गंभीर चोट आई है और उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए रिफर किया गया है।

### स्कूलो में नही पहुंचा है अभी तक पुस्तकें, पढ़ाई प्रभावित

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में अभी तक सभी विशयों के पुस्तक नही पहुंच पाएं है जिसके चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है ग्रामीण इलाको के स्कूलो में पुस्तक के अभाव के चलते छात्र–छात्राएं परेशान है तो वहीं निजी स्कूलों में भी पुस्तक नहीं पहुंचने की जानकारी मिली है इस संबंध में खण्ड स्त्रोत समन्वयक श्री नागे ने बताया अधिकांश स्कूलों में पुस्तक का वितरण किया जा चूका है कुछ स्कूलो में जो पुस्तक नही पहुंची है वहां भी जल्द पहुंच जायेगी।

### महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर अजाद को याद किया गया

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के हाई स्कूल में महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर अजाद की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे याद किया गया इस दौरान देश भक्ति गीत भाशण कविता के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

**दहशत :** वन विभाग ने लोगों को हाथियों से दूर रहने गांवों में कराई मुनादी

# फिंगेश्वर के वनांचल में दो दंतैल हाथियों की दस्तक से दहशत, विभाग अलर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर वनांचल क्षेत्र में दो दंतैल हाथियों के दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए गांवों में सतर्कता बरतने की मुनादी कराई है और ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने का फरमान जारी किया है।

पिछले दो दिनों से दो हाथियों का बसेरा फिंगेश्वर क्षेत्र के जंगल में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एक हाथी महासमुंद जिले से निकला है और वह गनियारी डेम के आसपास विचरण कर रहा है। वहीं, दूसरा दंतैल हाथी धमतरी जिले से आया है और सरकड़ा जंगल के आसपास घूम रहा है। इन हाथियों का लोकेशन नगर पंचायत फिंगेश्वर से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।



### हाथियों का मूवमेंट और वन विभाग की कार्रवाई

*गुरुवार की सुबह ये दोनों दंतैल हाथी क्षेत्र में देखे गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया था। सूत्रों के अनुसार, एक हाथी का विचरण कक्ष क्रमांक 25 परिसर तरजूंगा के जंगल में और दूसरे का कक्ष क्रमांक 24 परिसर बनगवा के जंगल में मौजूद था। शुक्रवार को एक दंतैल हाथी सरकड़ा जलाशय के पास और दूसरा गनियारी बांध के आसपास देखा गया। वन विभाग ने हाथियों से सुरक्षा और सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम बनगवा, गुंडरदेही, नाचनबाय, बम्हनदेही, सरकड़ा, तरजूंगा, खुड़सा, गनियारी, जोगीडिपा, जमाही और आसपास के ग्रामवासियों को जंगल एवं रात के समय बाहर गली-चौराहे पर नहीं बैठने और खेत-नदी-नाले से दूर रहने की मुनादी की है। सभी लोगों को घरों में सुरक्षित रहने के लिए कहा गया है। वन विभाग मुनादी के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक कर रहा है।*

### निगरानी और सुरक्षा उपाय

वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल के सदस्य लगातार निगरानी में जुटे हुए हैं, ताकि किसी भी तरह की जनहानि या फसल क्षति को रोका जा सके। दल लगातार हाथी की लोकेशन ट्रैक कर रहा है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि हाथी का मूवमेंट जंगल से बाहर की ओर हो सकता है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और वन अमले का सहयोग करें। गांवों में लाउडस्पीकर के जरिए घोषणा की जा रही है कि ग्रामीण घरों में ही रहें, बच्चों और बुजुर्गों को बाहर न निकलने दें। रात का समय सबसे ज्यादा संवेदनशील माना जा रहा है। स्थिति पर वन विभाग की लगातार नजर बनी हुई है। ग्रामीणों से सतर्कता और संयम बरतने की अपील की गई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ये हाथी पहले भी खेतों में फसल उजाड़ चुके हैं। वन विभाग को डर है कि अगर इन्हें जल्द रोका नहीं गया तो जान-माल का नुकसान हो सकता है।

### आपात स्थिति में संपर्क करें

हाथी की लोकेशन की जानकारी या आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग की स्थानीय टीम को सूचित करने की अपील की गई है। हाथी की निगरानी को लेकर रेंजर बद्रीनाथ ध्रुव, डिप्टी रेंजर मनीष वर्मा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी लगातार प्रयासरत हैं।

---

# हरेली पर्व पर कृषि औजारों की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भाजपा नेता और किसान रामूराम साहू ने हरेली पर्व को फिंगेश्वर में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने अपने निवास स्थान पर कृषि औजारों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा-अर्चना की। पर्व के खास पकवान, जैसे गुलगुला और भजिया, का स्वाद लिया गया, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया। लोगों ने पारंपरिक गेड़ी चलाकर इस पर्व के महत्व को बढ़ाया। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्राथमिक कृषि सहकारी समिति फिंगेश्वर के पूर्व अध्यक्ष रामूराम साहू ने परंपरागत ढंग से गुड़ वाला चीला, गुलगुला भजिया और श्रीफल अर्पित कर देवी-देवताओं की स्तुति की और किसानों के लिए अच्छे फसल की कामना की। रामूराम साहू ने बताया कि वे किसान पुत्र हैं और उन्होंने कृषि कार्य व अन्य सभी गतिविधियां अपने पिता स्व. इतवारी राम साहू से सीखी हैं। उनके पिता ने बताया था कि किसान अन्नदाता होता है और उसकी कड़ी मेहनत से अन्न का उत्पादन होता है, जिससे पूरा देश चलता है। उन्होंने यह भी



बताया कि छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी जीवन यापन का प्रमुख साधन है और हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार है, जिसे बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार हरेली पर्व पर शासकीय छुट्टी होने के कारण नौकरी करने वाले किसान पुत्र भी अपने घर पहुंचकर पर्व में शामिल हुए। शहरों की अपेक्षा इस पर्व को गांवों में अधिक उत्साह से मनाया जाता है। गांवों में बड़े-बुजुर्गों सहित युवाओं ने भी गेड़ी का आनंद लिया। बारिश के बहते पानी में वे गेड़ी से आसानी से इस पार से उस पार आते-जाते रहे।

---

# विधायक ध्रुव ने भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल को फ्लॉप शो बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल को 'फ्लॉप शो' करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जनता से किए गए अपने वादों को पूरा नहीं किया है। ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, और प्रदेश को नशे के दलदल में धकेलने के लिए जगह-जगह नई शराब दुकानें खोली जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हजारों सरकारी स्कूलों को 'षड्यंत्र पूर्वक' बंद करने पर आमादा है, जबकि अपराध की घटनाओं, खासकर नशा और चाकूबाजी, ने प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

### शिक्षा और रोजगार पर सवाल

*ध्रुव ने शिक्षकों के अभाव पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि सरकार स्कूलों को बंद कर शराब दुकानें खोलने जा रही है।*



*उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार को लाखों आवेदन मिले, लेकिन इन आवेदनों का कोई निराकरण नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार जोर-शोर से मनाई गई, लेकिन इससे कोई लाभ नहीं हुआ। विधायक ध्रुव ने दावा किया कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा-हर वर्ग हताश और परेशान है, क्योंकि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले जनता से जो वादे किए थे, उनमें से कोई भी पूरा नहीं किया गया। अंत में, श्री ध्रुव ने चेतावनी दी कि मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग चौड़ीकरण को लेकर जल्द ही क्षेत्र में आंदोलन किया जाएगा।*

### बिजली दरों में वृद्धि और किसानों की परेशानियां

श्री ध्रुव ने कहा कि भाजपा की राज्य और केंद्र सरकारें 11 साल बेमिसाल का ढिंढोरा पीट रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत जीरो बटे सन्नाटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में बिजली की दरों में चौथी बार बेतहाशा वृद्धि की गई है, जिससे आम जनता, किसान, व्यापारी और उपभोक्ता बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पूरी प्रदेश की जनता में सरकार के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है। विधायक ध्रुव ने आगे कहा कि आज किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रहा है, जबकि खेती-किसानी तेज गति से चल रही है। किसानों को खाद के लिए सहकारी सोसायटियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है, और वे खुले बाजार से अधिक दामों में डीएपी व अन्य खाद खरीदने को मजबूर हैं।

---

## भेण्डरी में हरेली तिहार ...



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी सहित आसपास गांव में हरेली त्यौहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कृषि औजारो की पूजा कर मीठा चीला का भोग लगाया। छोटे-छोटे बच्चो ने गेड़ी में चढ़कर गांव की गलियो में घुमते हुए नजर आए।

---

# नवापारा-भेण्डरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरुपूजन उत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भेण्डरी शाखा में गुरुपूजन उत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विष्णु गुरुजी**, विशिष्ट अतिथि भूषण गुरुजी और गोवर्धन गुरुजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कामता प्रसाद साहू (जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख) ने गुरुपूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु ब्रह्म के समान हैं, जिनकी महिमा का बखान देवतागण भी करते हैं। साहू ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गुरु किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि भगवा ध्वज को माना गया है, जो त्याग, शुद्धता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। गुरुपूजन उत्सव का उद्देश्य स्वयंसेवकों को संघ के आदर्शों से जोड़ना और अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना है। कार्यक्रम में स्थानीय स्वयंसेवकों की सहभागिता सराहनीय रही। सभी ने गुरु के प्रतीक भगवा ध्वज के समक्ष पूजन अर्पित कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में जनपद सदस्य विनीता साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, आनंद पटेल, राधे पटेल, उपसरपंच कार्तिक साहू, कोमल गुरुजी, बलराम गुरुजी, भोलाराम साहू, लेखराम साहू, बृजमोहन साहू, गिरधारी यादव, राजू साहू, गेंदलाल पटेल, भोज पटेल, दुर्गेश साहू, छबिलाल साहू, नरेंद्र साहू, रूपेंद्र यादव, लोचन देवांगन, वीरेंद्र साहू आदि शामिल थे।

---

# रसेला के अस्पताल सहित डॉक्टर व नर्सक्वार्टर में जगह-जगह टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के साथ साथ डॉक्टर और नर्स क्वार्टर में बारिश के कारण कई जगहों पर पानी टपक रहा है। इससे अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों को परेशानी हो रही है। इसी तरह डाक्टर और नर्स क्वार्टर का बुरा हाल है। ग्रामीण सहायक चिकित्सा डॉ प्रज्ञेश देवांगन ने बताया कि जिस क्वार्टर में निवास करता हूं वहां की छत के प्लास्टर गिर रहें हैं। बरसात में पानी भी टपकता है, इसी कड़ी में नर्स क्वार्टर इतना कंडम हो चुका है कि वहां कोई कर्मचारी रहता ही नहीं। अस्पताल से लेकर आवासीय परिसर में पानी टपकने की समस्या कोई नई नहीं है, पहले भी कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला है। पानी टपकने के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है, और डाक्टर को भी अपने निवास पर सुरक्षित नहीं है। यह समस्या कई सालों से चली आ रही है लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। डॉ ने कहा पानी टपकने के कारण छत गिरने का भी खतरा हमेशा बना रहता है, ऐसी स्थिति में यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। सीलिंग के प्लास्टर उखड़ कर गिर रहें हैं। डीएम और सीएमओ निरीक्षण पूर्व के जिलाधिकारी भी कर चुके हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस समस्या से निजात दिलाने की जहमत नहीं उठाई, इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने ग्राम रसेला पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया था उसी समय अस्पताल और डाक्टर और नर्स क्वार्टर के बारे में सभी वस्तुस्थिति की बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया था। उन्होंने तुरंत एसडीएम को नोट करने के लिए बोला गया, मगर अभी तक कुछ भी नहीं हुआ।



### 10 सालों से असुविधा का कर रहे हैं सामना

लोगों का कहना है कि डॉ, नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों के रहने के लिए जो आवास बना है, वहां भवन जर्जर हो चुका है। वहीं स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी बार बार गुहार लगाकर थक हार चुके हैं। पिछले 10 सालों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के बाद यहां के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उम्मीद जगी और लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिला रहा है। लेकिन पिछले 10 सालों से असुविधा का सामना करना पड़ा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है, डॉ सहित स्वास्थ्य कर्मी डर के साए में नौकरी करने को मजबूर हैं, तो लोगों को स्वास्थ्य सेवा कैसे मिल पाएगी। इसके बारे में डॉ. राहुल नेताम ने कहा कि जीवन दीप समूह की बैठक में चर्चा के साथ उच्चअधिकारियो को अवगत गया है।

---

# छुरा के राम जानकी मंदिर में कांवड़ यात्रियों के लिए किया भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के हृदय स्थल श्री राम जानकी मंदिर मानस परिसर में हर साल की तरह इस साल भी बोल बम समिति द्वारा सावन माह में कांवड़ यात्रियों के लिए ठहरने और महाप्रसादी भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था पूरे एक महीने तक चलेगी।

आज धमतरी से सौ से अधिक 'बोल बम' (कांवड़ यात्री) यहाँ पहुंचे। यह कांवड़ यात्रा गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, ओडिशा, रायपुर, बागबाहरा और राज्य के कई अन्य जिलों से होकर गुजरती है। कांवड़ यात्री यहाँ रात्रि विश्राम करते हैं और फिर अपने गंतव्य की ओर निकल जाते हैं। 'बोल बम समिति' द्वारा इन यात्रियों के लिए पूरी व्यवस्था की जाती है।

इस नेक कार्य में प्रमुख रूप से धर्म प्रेमी महेश सचदेव, विक्कू चंद्राकर, प्रतीक शर्मा, दीपक ध्रुव, मोनू सेन, यामीन, सुनील सचदेव, कुलेश्वर निषाद, सागर सचदेव, पप्पू नायक, समीर सचदेव, ईश्वर सिन्हा, पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडेय (मानस मंदिर पुजारी), शीतल ध्रुव सहित कई अन्य धर्म प्रेमी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बढ़कर सहयोग प्रदान करते हैं।

---

**युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया**

# सामुदायिक केंद्र के शिविर में 52 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में समृद्धि ब्लड सेवा संस्थान गरियाबंद के सौजन्य से अंचल ब्लड ग्रुप समूह के युवाओं द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन समुदाय में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्त की आवश्यकता वाले लोगों की मदद करने की एक शानदार पहल थी, जिसमें क्षेत्र के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 52 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर का शुभारंभ अस्पताल परिसर में पौधा रोपण कर किया गया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम द्वारा रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

### रक्तदान के लाभ और जागरूकता

*कार्यक्रम में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी नेताम ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से कैंसर का खतरा कम किया जा सकता है। साथ ही, इससे वजन में कमी, उच्च रक्तचाप में कमी, उच्च कोलेस्ट्रॉल में कमी, और*



*दिल से जुड़ी बीमारियों को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इसी कारण रक्तदान को महादान कहा जाता है, जिससे न केवल रक्त की कमी से जूझ रहे हितग्राहियों को लाभ मिलता है, बल्कि दानदाता को भी स्वास्थ्य लाभ होता है। अंचल ब्लड ग्रुप के युवाओं ने लोगों के बीच जाकर रक्तदान से जुड़ी गलतफहमियों को दूर किया और बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार के विकार नहीं आते हैं।*

### उपस्थित गणमान्य व्यक्ति और स्वयंसेवक

इस रक्तदान शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी नेताम, भाजपा आरटीआई जिला संयोजक रूपेश साहू, समाजसेवी तुकाराम साहू, भीम निषाद, बजरंग दल अध्यक्ष मैनपुर तिजेश्वर सोनवानी, अंकित जैन, पुष्पेंद्र पटेल, ऐश्वर्य साहू एवं डॉ. विपिन अग्रवाल, लैब टेक्नीशियन लालजी साहू, कुंजीलाल बाग, मिली साहू, एफआर होंडा के संचालक सिकंदर खान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और फल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समाजसेवी भीम निषाद, तुकाराम साहू, अंकित जैन ने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से देखा जाए तो विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों के कारण मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती है, और समय पर रक्त मिल जाने से मरीज की जान बच जाती है। उन्होंने युवाओं से हर वर्ष अपने जन्मदिन या किसी अन्य महत्वपूर्ण दिन पर रक्तदान करते हुए जीवन रक्षा की दिशा में सहयोग देने की अपील की। इस दौरान शिविर में रूपेश साहू, तिजेश्वर सोनवानी, गोविंद पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, ऐश्वर्य साहू, चमन पटेल, कौशिक पटेल, उपेंद्र यादव, महेंद्र बंजारे, नरसिंह साहू, योगेंद्र यादव, तुलसीदासवानी, रमेश साहू, आकाश यादव, डॉ. एस.सी शर्मा, उमाशंकर पांडेय उपस्थित थे।

---

# गोंदलाबाहरा में सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों ने मांगा मुआवजा

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत गोंदलाबाहरा से उलटपारा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जनजाति आदिवासी न्याय अभियान योजना के तहत 1.70 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य 25 फरवरी से शुरू किया गया है। हालांकि, नागरिक सूचना पटल पर इस परियोजना की स्वीकृत राशि का उल्लेख नहीं किया गया है। सड़क निर्माण कार्य के बीच में ग्राम गोंदलाबाहरा के कई किसानों की जमीन आ रही है। इन किसानों में प्रदीप कुमार, पुरन लाल, शोभाराम, तोमेश राम, शिव कुमार, दानेश्वर, टंकेश्वर, शिवकुमार, मदन, गोविंद, माखन, पीलाराम, ईश्वर, लेखराम, रघुनाथ सहित अन्य शामिल हैं। इन किसानों ने अपनी जमीन के मुआवजे



की मांग को लेकर विभागीय अधिकारियों, मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय विधायक और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। किसानों का स्पष्ट कहना है कि पहले उनकी जमीन का मुआवजा दिया जाए, उसके बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं होता है, तो वे निर्माण कार्य नहीं होने देंगे।

## खबर संक्षेप

### शौचालय निर्माण अधुरा बदबू से छात्र परेशान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 कि.मी. दूर ग्राम गोबरा आश्रम में नया भवन निर्माण के साथ शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन इसके सैप्टीक टैंक को अधूरा छोड़ देने के कारण इसके दुर्गंध से छात्र परेशान हो रहे है कई बार इसकी शिकायत स्थानीय अधिकारियों से किया जा चूका है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नही देना समझ से परे है जिसके कारण छात्र छात्रओं को भारी परेशानी हो रही है। छात्र-छात्राओं ने अधूरे शौचालय को पूर्ण करने की मांग किया है।

### बाइक चालक रपटा में फिसला, पैर टूटा

**मैनपुर।** राजापड़ाव गौरगांव मार्ग में शुक्रवार को मोटर सायकल सवार युवक शोभा रपटा में फिसल कर गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट लगी है युवक की प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजनों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। मिली जानकारी के अनुसार ओड़िसा रायघर निवासी मानकू राम मोटर सायकल से अपने घर लौट रहे थे कि शोभा रपटा में पानी होने के कारण मोटर सायकल के चक्के फिसल गया और वह गिर गया जिससे उसके पैर टूट गया।

### स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली के बील

**मैनपुर।** हाल ही में लगाए गए स्मार्ट बिजली मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी के कारण बनते जा रहे है जहां शुरूआत में लोगो की उम्मीद भी कि स्मार्ट मीटर लगने से ठीक बील मिलेगा लेकिन कई उपभोक्ताओं ने शिकायत किया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली की बील में बढ़ौत्तरी देखी जा रही है। क्षेत्र के रामसिंह ठाकुर, भुवन साहू, मोहन ने बताया स्मार्ट मीटर नही लगा था तब उनके घर में बिजली के बील 200 से 250 रूपये तक आता था अब 400–500 आ रहा है वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग का कहना है स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल सही आ रहा है शिकायत मिलने पर इस दिशा में कार्यवाही की जायेगी।

### झालखम्हरिया सोसाइटी परिसर में हुआ पौधरोपण

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बैंक सीईओ अपेक्षा ब्यास, डीआर, बैंक अधिकारी एसपी चंद्राकर, सुनीता, ब्यास, नोबल अधिकारी शर्मा, शाखा प्रबंधक राणा, राजेश गोले, साजिद रजा, समिति अध्यक्ष श्याम साकरकर, समिति प्रबंधक भोजराम साहू सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

### शेर सोसाइटी परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान अंतर्गत ग्रामीण सेवा सहकारी समिति का मुख्यालय शेर में प्राधिकृत अध्यक्ष हरेंद्र साहू और समिति प्रभारी परमेश्वर यादव और समिति कर्मचारी नरेंद्र साहू, धनसाय साहू, भारत साहू, तोरण विश्वकर्मा, राम नारायण साहू, कन्हैया साहू, पुष्पलता साहू, रतनलाल साहू आदि मौजूद रहे।

### संगठन विस्तार को लेकर कवायद शुरू

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए कवायद शुरू हो गई है। आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि आगामी 30 जुलाई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग रखी गयी है और उसके बाद जोन स्तरीय सम्मेलन रखा जाएगा। जिसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे।

### ऑयल पॉम की खेती को प्रोत्साहन देने जिले में किसानों को मिलेगा अनुदान का लाभ

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पॉम योजना संचालित की जा रही है। राज्य में ऑयल पॉम की व्यावसायिक खेती की संभावनाओं को देखते हुए इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है।

---

**हेल्थ कैंप:** कुपोषित बच्चों की जांच एवं ईलाज के लिए सामाजिक दायित्व का कर रहे निर्वहन : डॉ. भट्टर

# जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन तत्पर : कलेक्टर उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले को कुपोषण मुक्त करने तथा बच्चों के बेहतर देखभाल के लिए कलेक्टर बी.एस. उइके ने नवीन पहल की है। कलेक्टर के निर्देशानुसार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज के लिए आज गरियाबंद के वन विभाग ऑक्सन हॉल में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।

इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का गंभीरतापूर्वक स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज किया गया। साथ ही बच्चों के पालकों को बच्चों के बेहतर देखभाल एवं कुपोषण को दूर करने खानपान से संबंधित आवश्यक सलाह भी दिया गया। शिविर में जिले के लगभग 150 से अधिक बच्चों का वजन माप, वृद्धि चार्ट एवं आवश्यक मापदण्डों में पंजीयन किया गया। इस आधार पर डॉ भट्टर ने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर आवश्यक ईलाज एवं देखभाल के लिए सुझाव दिया।

स्वास्थ्य टीम द्वारा निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर दो माह से 15 वर्ष तक के बच्चों के बेहतर देखभाल एवं पौष्टिक आहार की जानकारी से संबंधित पुस्तिका का विमोचन कलेक्टर श्री उइके सहित अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अशोक पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं मेडिकल टीम मौजूद रहे।

**खास बातें**

- गरियाबंद के ऑक्सन हॉल में कुपोषित बच्चों के लिए मेगा हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन
- 150 से अधिक बच्चों का किया गया स्वास्थ्य जांच, दी गई नि:शुल्क दवाईयां
- 27 जुलाई को छुरा में कुपोषित बच्चों के लिए होगा मेगा हेल्थ कैंप



### जिले में 920 बच्चें है गंभीर कुपोषित



*कार्यक्रम में डीपीओ श्री पाण्डेय ने बताया कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की स्थिति के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारी संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को उत्साहपूर्वक गोद ले रहे है, ताकि जिले के कोई भी बच्चे कुपोषित न रहे। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों की उचित देखभाल एवं 06 माह तक निर्धारित पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु सहमति प्रदान कर रहे है। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य जांच और निगरानी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले 920 गंभीर कुपोषित बच्चे है, जिसमें से अधिकतर बच्चों को गोद ले लिया गया है। जिले में कुपोषण की दर को कम करने के लिए अगली कड़ी में रविवार 27 जुलाई को छुरा में मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर एवं उनके टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जाएगा।*

### सेवा के लिए हमारी टीम सदैव तत्पर रहेंगी : डॉक्टर भट्टर

इस अवसर पर कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त करने जिला प्रशासन तत्पर एवं गंभीर है। गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें विशेष पूरक पोषण आहार दिया जा रहा है। इसके अलावा अतिरिक्त आहार देने एवं ईलाज में सहायता करने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों से ऐसे बच्चों को गोद लेने की अपील भी की जा रही है। बच्चों को गोद लेने के लिए सभी वर्ग के लोग सामने आ रहे है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से डॉक्टर भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा इस मेगा हेल्थ कैम्प के आयोजन किये जाने पर डॉ. भट्टर का आभार जताया। साथ ही डॉक्टरों द्वारा बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए दिये गये सलाह का पालन करने का आग्रह शिशुवती माताओं से किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक भट्टर ने कहा कि मेगा हेल्थ कैंप जिला प्रशासन की विशेष पहल है। इस शिविर में शामिल होकर हमारी टीम ने समाज सेवा में भागीदारी निभाई है। उन्होंने शिविर में शामिल होकर खुशी जताते हुए कहा कि बच्चों के ईलाज के लिए हम सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। सेवा के लिए हमारी टीम सदैव तत्पर रहेंगे। साथ ही शिविर में बच्चों का किये गये स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज का फॉलोअप भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुपोषण बच्चों की बीमारी का जड़ होता है। इसलिए इसको दूर करने विशेष ध्यान देना चाहिए। कुपोषण से लड़ाई में पोषण आहार की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने शिशुवती महिलाओं को सभी उम्र के बच्चों के लिए आवश्यक पोषण आहार की जानकारी देते हुए निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

---

## ठेठवार यादव समाज की महिलाओं ने आया सावन झूम के कार्यक्रम का किया आयोजन

फिंगेश्वर। सावन के पावन महीने में पारंपरिक उत्सवों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए ठेठवार यादव समाज की महिलाओं ने नगर पंचायत फिंगेश्वर के पंडित दीनदयाल गार्डन में 'आया सावन झूम के' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की आराधना के साथ हुई। 'आया सावन झूम के' कार्यक्रम में सभी सम्मानित सदस्यों ने पारंपरिक लोकगीत कजरी और नृत्य की रसधार में सावन के इस उत्सव का जमकर आनंद उठाया। ठेठवार यादव समाज की महिलाओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उनकी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है, बल्कि समाज की महिलाओं को एकसाथ जोड़कर उनके आत्मबल और सामाजिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित करना है। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा नगर पंचायत फिंगेश्वर की पार्षद व ठेठवार यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पदमा यदु और उनकी टीम द्वारा तैयार की गई थी, जिसके चलते यह कार्यक्रम सफल रहा और महिलाएं खुश नजर आईं। यादव ठेठवार समाज की महिलाओं द्वारा





इस प्रकार के कार्यक्रम की तारीफ अन्य समाज के लोग तो करते ही हैं, साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ यादव समाज में भी इसकी प्रशंसा होती है।

सावन के महीने में प्रकृति जब मानसून की गोद में आनंदित होती है, तो महिलाएं भला सावन में कैसे पीछे रह सकती हैं? हरे परिधान में हाथों में मेहंदी और हरी-हरी चूड़ियों के साथ सज-धजकर सभी महिलाएं कार्यक्रम में उत्साहित रहीं।

फिंगेश्वर में यदु समाज की महिलाओं द्वारा यह कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें कुर्सी दौड़, तैयार गेम, बॉल फेंक आदि शामिल थे। खेल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाली महिलाओं को पुरस्कार भी दिए गए। इस कार्यक्रम में शीला यदु, मीना यदु, त्रिवेणी यदु, रेवती यदु, तृप्ति यदु, सीमा यदु, संगीता यदु, उर्वशी यदु, रेखा यदु, बिंदु यदु, संध्या यदु, मीना यदु, नीतू यदु, रत्ना यदु, मधु यदु, धनेश्वरी यदु, पूनम यदु, मोनिका यदु, मीना यदु, यामिनी यदु, उषा यदु, चंद्रिका यदु आदि महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन पदमा यदु ने किया और आभार शीला यदु ने व्यक्त किया।

### हरेली पर पारंपरिक खेलों की मची धूम

***अभनपुर।*** *ग्राम परसदा गांव में हरेली पर्व के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गांव के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना और उन्हें छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जोडऩा था। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपसरपंच जगदीश साहू, पूर्व सरपंच कोमल साहू, पंच दिनेश साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नंदकुमार साहू, सचिव नकुल निषाद, बसंत साहू, दीपक निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।*

## छुरा पुलिस द्वारा सशिमं के छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में बाल, किशोर, तरूण, कन्या भारती के भैया बहिनों को छुरा थाना से सहायक उपनिरीक्षक खुमान लाल साहू द्वारा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना छुरा से सहायक उपनिरीक्षक खुमान लाल साहू, प्रधान अराक्षक लक्ष्मण चन्द्रवंशी, आरक्षक दिलीप निषाद, एवं शशी कौशिक की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मां भारती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा वाद्य संगीत के साथ सरस्वती वंदना किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारी भैया बहिनों को उनके कर्तव्य बोध की शपथ दिलाई गई एवं विद्यालय के भैया बहिनों को कुछ सामान्य सावधानियों मोबाईल द्वारा साइबर ठगी, गुड टच बेड टच आदि जानकारी बताई गई। नव नियुक्त पदाधिकारी से सेनापति- दुष्यन्त, नम्रता, उपसेनापति- अविनाश, प्रियंका, अध्यक्ष- तुषार, चन्द्रप्रभा, कोषाध्यक्ष- सुयश, ईशिका, सचिव- सत्यम, मानसी, उपसचिव- चैतन्य, उमंग, प्रार्थना प्रमुख- दुष्यतं तुषार, लिपाक्षी, देविका, खुशी, खुशबू, शारीरिक प्रमुख-नितिन, वेदांश,



नम्रता, चन्द्रप्रभा, अस्मिता, चिकित्सा -भिमेश, अनुराग, कुमकुम,चित्रगंधा, तानिया, स्वच्छता-अमनदीप, साक्षी,रमा कोशले, सांस्कृतिक-मनीष, आयुष, आस्थारानी, मानसी, तेजस्वी, हेमा, खोया पाया - गोपेश विश्वकर्मा, पूनम, पल्लवी, भूमिका, सायकल स्टैण्ड- मयंक, धनेश्वर, गागवानी- अनुराग सोनी, निलिमा, जिज्ञासा रेशमा, जन्मदिवस- चंदन, चाणक्य, अनुशासन- मयंक, मुस्कान, गरिमा, सौम्या, बैठक व्यवस्था- तुषार, खुशबू, सुप्रिया, तेजस्वी, अर्पणा, खेलकूद, योग- मान्सु, आयुष, अस्मिता, पुष्पांजली, जल प्रमुख- अथर्व, नमन, सुनाक्षी, तीशा, विज्ञान- दुष्यन्त, गरिमा, मानसी, प्रियंका, सौम्या, गणित- तोषण, चन्द्रप्रभा, प्रेरणा, पुष्पा, वैदिक गणित- तोषण, किंजल, द्विव्यांशा, अंग्रेजी- गोपेश, प्राची, साक्षी, अस्मिता, चन्द्रप्रभा, संस्कृत- यमन, मानसी, तेजस्वी, अनुष्का, फर्नीचर प्रमुख- फनेश्वर, मान्सु, ऐश्वर्या, नम्रता सुनाक्षी आदि पदाधिकारी के रूप में शपथ लिये।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरीश शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता एवं व्यवस्थापक संतोषी यादव एवं समिति के समस्त पदाधिकारी सदस्यो द्वारा नवनियुक्त भैया बहिनों को बधाई दी गई। विद्यालय से आचार्य टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक राम, ओम डहरिया, टेकेश्वरी तारक, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, मैनाज बेगम, भारती यदु, अल्का सिन्हा, कविता यदु, निधिका शाह, राहूल सिन्हा, कुन्ती साहू, गणेशु, रेखा सोरी, खुशबू, हेमलता नाग, डिगेश्वरी एवं विद्यालय के सभी भैया/बहिनें कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख होरीलाल साहू ने दिया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**छुरा।** इस साल हरेली तिहार के पावन अवसर पर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास और पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, छुरा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने छात्रावास परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और संवेदनशीलता का संकल्प लिया।कार्यक्रम में अधीक्षिका तुलेश्वरी कंवर ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रकृति से जुड़ना केवल



जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संस्कार भी है। पेड़ों को मां की तरह बताते हुए उन्होंने कहा कि ये जीवनभर छांव, सुरक्षा और सुकून देते हैं। अधीक्षक कुलेश्वर मरकाम, शीतल ध्रुव और पार्षद बलराज पटेल ने भी छात्र-छात्राओं के साथ पौधे लगाए और सभी से अपील की कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने इसे केवल एक पर्यावरणीय कदम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक कर्तव्य भी बताया। इस कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष शर्मा ने पीएम धन धान्य कृषि योजना को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा है कि विष्णु देव सरकार का निर्णय किसानों को आर्थिक समृद्धि देगा। उन्होंने बताया कि अन्नदाताओं के हित में अनेक निर्णय लेते हुए भाजपा सरकार ने धान खरीदी में जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है, उससे प्रदेश की जनता खुश है।

शर्मा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी है। यह योजना वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक लागू की जाएगी और देश के 100 जिलों को कवर करेगी। पंडित योगेश शर्मा के अनुसार, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की पहल से प्रेरित है। यह कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित अपनी तरह की पहली योजना होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में



वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण की सुविधा बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक कृषि ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस योजना का क्रियान्वयन 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्य सरकारों की योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी के जरिए किया जाएगा।

---

**छुरा के आत्मानंद विद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ**

# विद्यार्थियों को यातायात व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय में एक सफल यातायात एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना था। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी निशा सिन्हा ने स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप और साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी। विद्यालय में गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा, बच्चों के लिए 1098 चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन और यातायात सुरक्षा जागरूकता जैसे विभिन्न विषयों पर भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सुश्री निशा सिन्हा ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार के सदस्यों को बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के वाहन न चलाने, शराब पीकर या मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया।



यातायात सुरक्षा के साथ-साथ, वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में भी विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्कूली छात्रों को अभिव्यक्ति ऐप के रजिस्ट्रेशन, उसके उपयोग और उससे जुड़े लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों से प्रश्न भी पूछे गए, जिनका उन्होंने संतोषजनक जवाब दिया।

### रंगोली और पोस्टर के माध्यम से दिया गया संदेश

स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात सुरक्षा एवं नियम के संबंध में रंगोली और पोस्टर बनाए, जो अपने माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दे रहे थे। यह संदेश दिया गया कि हम सभी को अपने अन्य कर्तव्यों के साथ-साथ यातायात नियमों का भी पालन करना चाहिए, जिससे प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से एनसी साहू (प्राचार्य), शीतल ध्रुव (समाजसेवी), शिक्षक विनोद देवांगन, केशव साहू, टोपेश्वर साहू, सुरेश जोशी, मानसिंह मारकंडे, टकेश्वर, गायत्री यदु, मनीषा जोशी, स्मृति एक्का, भवानी ठाकुर, झरना सोरी, राजेश्वरी और पालकगण टिकेश्वर, लोक सिंह, डगेश्वर साहू, लक्ष्मण पांडे, जहीर खान, सुनाधर, सविता बाई उपस्थित थे।

